ग्राम पंचायत भुनेड़, विकास खण्ड नगरोटा बगवाँ, जिला काँगड़ा के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024

भाग–एक

1. **(क) प्रस्तावना :–**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत भुनेड़, विकास खण्ड नगरोटा बगवाँ, जिला काँगड़ा के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों का प्रथम अंकेक्षण हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत भुनेड़ में निम्नलिखित प्रधान/सचिव कार्यरत थेः–

प्रधान :–

1	श्री सोनू राम	01.04.2022 से 31.03.2024

सचिव :–.

1	श्री संजीव कुमार	01.04.2022 से 31.03.2024

(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :–

ग्राम पंचायत भुनेड़ के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:

क्र0 सं0	पैरा संख्या	अनियमितताओं का सक्षिप्त सार	राशि (₹ लाखों में)
1	4	रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के फलस्वरूप रोकड़ बही एवं बैंक खातों के अन्तशेषों में अन्तर पाया जाना ।	0.56
2	5	अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना	30.76
3	6	पंचायत राजस्व का वसूली हेतू शेष पाया जाना	0.72
4	6.2	विवाह शुल्क को सरकारी कोष में जमा न करना	0.08
5	7	नियमानुसार रॉयल्टी की वसूली न करना एवं अपेक्षित अभिलेख की अनुपस्थिति में लाखों के अनियमित भुगतान	1.54

6	8	औपचारिकतायें पूर्ण किए बिना भुगतान करना	0.99
7	10	समुचित लेखांकन के अभाव में निर्माण कार्य के लिए अधिक/अनियमित भुगतान करना	0.03
8	11	प्रिया सॉफ्ट तथा मैनुअल संधारित लेखों की राशि में अन्तर बारे	5.21

भाग–दो

2. वर्तमान अंकेक्षण :–

ग्राम पंचायत भुनेड़, विकास खण्ड नगरोटा बगवाँ, जिला काँगड़ा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 तक के लेखों का अंकेक्षण श्री मन मोहन शर्मा, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 19.07.2024 से 26.07.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में किया गया। लेखों की विस्तृत जाँच हेतु आय एवं व्यय के लिए मासों का चयन निम्न प्रकार से किया गया :–

वित्तीय वर्ष	आय	व्यय
2022–2023	09/2022	05/2022
2023–2024	06/2023	06/2023

अस्वीकरण (Disclaimer) :- इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई किसी भी गलत सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा ।

3. अंकेक्षण शुल्क :–

ग्राम पंचायत भुनेड़, विकास खण्ड नगरोटा बगवाँ, जिला काँगड़ा अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 तक के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹4800/– बनता है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–9 को प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 293 दिनांक 29.07.2024 द्वारा अनुरोध किया गया ।

4. वित्तीय स्थिति :–

ग्राम पंचायत भुनेड, विकास खण्ड नगरोटा बगवाँ द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी :–

(1) स्वः स्त्रोत :– ग्राम पंचायत भुनेड़ के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 तक के स्वः स्त्रोतों की वित्तीय स्थिति का विवरण :–

वर्ष	अथशेष	प्राप्ति	ब्याज	योग	व्यय	अन्तिम शेष
2022—23	180152.78	14065.00	37108.00	231325.78	54363.00	176962.78
2023—24	176962.78	62999.72	17279.00	257241.50	128881.00	128360.50

(2) अनुदान : ग्राम पंचायत भुनेड़ के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 तक के अनुदानों की वित्तीय स्थिति का संकलित विवरण निम्न प्रकार से है जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट—1** में दिया गया है :—

वर्ष	अथशेष	प्राप्ति	ब्याज	योग	व्यय	अन्तिम शेष
2022—23	1961861.60	8854415.00	51710.00	10867986.60	7715553.00	3152433.60
2023—24	3152433.60	3424855.00	84189.00	6661477.60	3585241.00	3076236.60

बैंक समाधान विवरणी :—

Own Source, 5th SFC, VKVNY, 14th FC, 15th FC, PS, ZP, BGP

A/c No. 20012008655	KCCB Nagrota Bagwan	495206.5
A/c No. 20012007946	KCCB Nagrota Bagwan	36526
A/c No. 50056013014	KCCB Nagrota Bagwan	37591
A/c No.50056013047	KCCB Nagrota Bagwan	604
A/C No. 20012008677	KCCB Nagrota Bagwan	5691
A/C No. 50100317179800	HDFC Nagrota Bagwan	309.3
A/c No. 501003311400811	HDFC Nagrota Bagwan	2684058.3
	Cash in hand	179
	Total	**3260165.1**

Cash Book Balance on 31.03.2024 (Own Source)	128360.5
Cash Book Balance on 31.03.2024	89346
Cash Book Balance on 31.03.2024	126399
Cash Book Balance on 31.03.2024	309.3
Cash Book Balance on 31.03.2024	2684058.3
Cash Book Balance on 31.03.2024	1996
Cash Book Balance on 31.03.2024	79853
Cash Book Balance on 31.03.2024	94275
Total	**3204597.1**
diffrence	**55568**

ANNUAL REPORT

4.1 रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के फलस्वरूप रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों में ₹0.56 लाख का अन्तर पाया जाना :–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7(3) एवं 10 (1) के अनुसार पंचायतों की रोकड बही का बैंक खातों से मिलान करना अनिवार्य है।

पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों के शेषों का बैंक खातों के शेषों से मिलान न करना नियमों के विरूद्ध होने के कारण अनियमित है। दिनांक 31.03.2024 को स्वः–स्त्रोत तथा अन्य स्कीमों की रोकड़ बही एवं बैंक पास बुक के अन्तिम शेष का अन्तर ₹55,568/– पाया गया, जो पंचायत की सच्ची एवं सही वित्तीय स्थिति को नहीं दर्शाता है, जिस बारे स्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 294 दिनांक 29.07.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके सन्दर्भ में पत्र संख्या जीपीबी–08/2024 दिनांक 12.08.2024 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों का मिलान करके आगामी अंकेक्षण में दर्शा दिया जायेगा ।

अतः अन्तर के कारणों से अवगत करवाते हुये नियमानुसार रोकड़ बही के शेष व बैंक राशि का मिलान करना सुनिश्चित करें व वस्तुस्थिति अनुसार कृत अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये ।

4.2 पंचायत के लेखें खातों का रख–रखाव नियमानुसार न करना :–

1. हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29(2) के अनुसार लेखों का रख रखाव खाता "क" व "ख" के रूप में किया जाना अपेक्षित है ।
2. निदेशक, पंचायती राज के पत्र संख्या PCH-HC(10)/2016-5072-95 दिनांक 24.01.2018 में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुसार आय–व्यय का लेखांकन PRIYA SOFTWARE में किया जाना अपेक्षित है ।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत में लेखों का रख रखाव उक्त नियम एवं निर्देशों के अनुसार नहीं किया गया था, जिसका औचित्य स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 295 दिनांक 29.07.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके सन्दर्भ में पत्र संख्या जीपीबी–08/2024 दिनांक 12.08.2024 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि खाता क व ख का संधारण कर लिया जायेगा व प्रिया सॉफ्ट में कार्य कर रहे हैं जोकि पूर्ण कर लिया जायेगा।

अतः नियम, प्रावधानों एवं निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुये ये महत्वपूर्ण अभिलेख पूर्ण करके अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाये।

5. अनुदान राशि ₹30.76 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जाना :–

ANNUAL REPORT

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशि को फडिंग एजैन्सी की आवश्यकताओं और दिशा निर्देशों के अनुसार खर्च किया जाना अनिवार्य है।

पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना **(परिशिष्ट–1)** के अनुसार दिनांक 31.03.2024 तक अनुदान ₹30,76,236.60 की राशि उपयोग हेतु शेष थी, जिससे स्पष्ट है कि विभिन्न अनुदान शीर्षकों के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

उक्त शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

ANNUAL REPORT

6. पंचायत राजस्व ₹0.72 लाख का वसूली हेतू शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 34(2) के अनुसार ग्राम पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय (Outstanding) नहीं रखी जायेगी तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 के धारा 114 में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति किसी कर, शुल्क, दर राशि का भुगतान नहीं करता है तो वह जुर्माने के साथ दण्ड का भागीदार होगा। इसके अतिरिक्त पंचायत सचिव द्वारा फार्म 10 के अनुसार पंचायत के गृह कर का माँग व संग्रहण रजिस्टर तैयार करना अपेक्षित है ।

अंकेक्षण के दौरान पाया कि पंचायत में सम्पत्ति कर से सम्बन्धित अभिलेख पूर्ण रूप से तैयार नहीं किये गये थे जिस कारणवश सम्पत्ति कर से प्राप्त राशि, माँग की गई राशि एवं दिनांक 31.03.2024 को बकाया राशि की सत्यता की पूर्ण जाँच नहीं की जा सकी। पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना एवं प्रस्तुत अभिलेखानुसार पंचायत ने अपने अधिकार क्षेत्र में अंकेक्षणावधि के दौरान ₹50 / – प्रति परिवार प्रतिवर्ष की दर से गृहकर आरोपित किया गया था। दिनांक 31.03.2024 को निम्न विवरणानुसार (**परिशिष्ट–2**) पंचायत का कुल राजस्व सम्पत्ति कर ₹71,550 / – वसूली हेतु शेष थाः–

सम्पति कर :–

वर्ष	अथशेष (₹)	गृहकर की माँग (₹)	योग (₹)	प्राप्ति (₹)	वसूली हेतू शेष राशि (₹)
2022–2023	0	39500	38500	0	39500
2023–2024	39500	40000	79500	7950	71550

उपरोक्त तालिका, तथ्यों एवं आंकडों से स्पष्ट है कि अंकेक्षण अवधि के दौरान सम्पति कर / गृह कर की नियमित वसूली नहीं की गई थी, जो इस बात की ओर संकेत करता है कि पंचायत अपनी आय बढ़ाने एवं नियमित कर उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। यदि पंचायत राजस्व

को देय राशि इसी तरह बकाया रहती रही तो किसी समय पर इसे संग्रहित करना असम्भव हो जायेगा ।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 296 दिनांक 29.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को इस अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया, जिसके सन्दर्भ में पत्र संख्या जीपीबी–08 / 2024 दिनांक 12.08.2024 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि सम्पत्ति कर से सम्बन्धित अभिलेख तैयार कर लिये गये हैं तथा बकाया राशि ₹71,550 / – शीघ्र ही वसूल कर ली जायेगी ।

अतः पंचायत राजस्व की इतनी अधिक राशि के परादेय होने के कारणों से अवगत करवाते हुये अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत वस्तुस्थिति अनुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित करें ।

ANNUAL REPORT

6.2 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त राशि ₹0.08 लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारे :–

सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हि0प्र0 शिमला की अधिसूचना संख्या SJE-A-A(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अन्तर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या 0070–60–108–01 में जमा करवाया जाना अपेक्षित है ।

अंकेक्षण के दौरान निम्न विवरणानुसार पाया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 व 2023–24 के दौरान विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में **₹8,400 / –** प्राप्त राशि को सरकारी कोष में जमा नंही करवाया गया था :–

क्र0 सं0	**वित्तीय वर्ष**	**विवाह पंजीकरण के रूप में वसूली गई राशि (₹)**
1	2022–23	3800.00
2	2023–24	4600.00

विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 297 दिनांक 29.07.24 द्वारा पंचायत सचिव से आग्रह किया गया जिसके सन्दर्भ में पत्र संख्या जीपीबी–08 / 2024 दिनांक 12.08.2024 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष में जमा करवाने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अथवा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के

दृष्टिगत वस्तुस्थिति अनुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जायें ।

7. खनन सामग्री आपूर्तिकर्ता के बिलों के समर्थन में नियमानुसार अपेक्षित अभिलेख की अनुपस्थिति में राशि ₹1.54 लाख की रॉयल्टी की कटौती न करने के फलस्वरूप सरकारी कोष को सम्भावित वित्तीय हानि एवं लाखों के अनियमित भुगतान करना :–

हि0 प्र0 माइनर मिनरल्स नियम, 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माईनिंग लीज़ होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रॉजिट पास (फार्म–डब्ल्यू) या सप्लिमैंटरी पास (फार्म–एक्स) उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निम्न दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25 % पैनल्टी सहित करना होगा परन्तु निदेशक, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD & PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अन्तर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/विक्रेताओं (Contractors/Vendors) से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा उन्हें केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "W" या "X" उपलब्ध करवाने उपरान्त ही भुगतान किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा आपूर्तिकताओं से खनन सामग्री जैसे पत्थर, रेत, बजरी इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रॉजिट पास अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गये। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को निम्न विवरणानुसार ₹1,54,106/– का अनियमित भुगतान एवं पूर्वोक्त नियम प्रावधानों एवं समय–2 पर जारी आदेशों एवं निर्देशों के प्रतिकूल अंकेक्षणावधि में किये गये समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते हैं। इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 298 दिनांक 29.07.24 के प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या जीपीबी–08/2024 दिनांक 12.08.2024 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि रॉयल्टी की कटौती नहीं की गई है। अतः भविष्य में रॉयल्टी की कटौती करने उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि नियमानुसार ट्रॉजिट पास की अनुपस्थिति में आपूर्तिकर्ता को खनन सामग्री का भुगतान नहीं किया जाना अपेक्षित था।

अतः अंकेक्षणावधि के दौरान किये समस्त भुगतानों को नियमानुसार समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा किसी प्रकार के संशय की स्थिति में इस मामले बारे सम्बन्धित विभाग से सम्पर्क/पत्राचार कर तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

बिल का विवरण	मद नाम	मात्रा (cft)	मात्रा (cum)	निर्धारित फैक्टर	मात्रा मिट्रिक टन	रॉयल्टी (प्रति मि0 टन)	राशि
प्रस्तुत परिशिष्ट	रेत		346.54	1.62	561.39	80	44911.00

अनुसार वर्ष 2022–23 व 2023–24	बजरी		644.53	1.52	979.68	80	78374.00
						कुल :	**123285.00**
						पैनल्टी 25 %	30821.00
						कुल योगः	**154106.00**

ANNUAL REPORT

8. औपचारिकताओं को पूर्ण किये बिना ₹0.99 लाख स्टॉक/स्टोर का क्रय करना :–

हि0 प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4), 67(5) एवं 69 द्वारा स्टॉक/स्टोर का क्रय करने सम्बन्धी औपचारिकतायें (निविदायें इत्यादि आमन्त्रित करना) प्रावधित हैं ।

व्यय वाउचरों के अंकेक्षण के दौरान पाया कि पंचायत द्वारा निम्न विवरणानुसार ₹98,692/– के स्टॉक/स्टोर का क्रय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किये बिना ही किया गया था एवं समुचित आपूर्ति आदेश के अभाव में प्राप्त सामग्री के मॉंग अनुरूप होने की और बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाने की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं हो सकी, जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है। स्टॉक/स्टोर का क्रय नियमानुसार न करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 299 दिनांक 29.07.2024 द्वारा तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करने बारे अनुरोध किया गया, जिसके सन्दर्भ में पत्र संख्या जीपीबी–08/2024 दिनांक 12.08.2024 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि किये गये क्रय की कार्योत्तर स्वीकृति सक्षम अधिकारी से प्राप्त कर ली जायेगी ।

अतः निर्धारित औपचारिकताओं को पूर्ण किये बिना कृत व्यय बारे तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुये अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत क्रय/व्यय की कार्योत्तर स्वीकृति सक्षम अधिकारी से लेकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवायें एवं भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही क्रय करना सुनिश्चित किया जाये।

वाउचर संख्या व दिनांक	बिल का विवरण	सामग्री का विवरण	राशि (₹)	कार्य का नाम
06, 21.06.22	बिल नं0 369 दि0 शून्य सुशील कुमार एग्री0 प्लॉट	शीटस	28492.00	नि0 शैड शमशान घाट ZP
08, 06.06.23	बिल नं0 030 दि0 शून्य आकाश सैणी	एन्गल पत्ती	35400.00	नि0 सीढियॉं महिला मण्डल भवन BGP
शून्य, 28.06.23	बिल नं0 243 दि0 01.04.23 धनोटिया एण्टरप्राईजिज	पौधे	34800.00	नि0 पौधारोपण MNREGA

9. **₹436/– की राशि का अधिक भुगतान करने बारे ।**

व्यय वाउचर संख्या 06 दिनांक 21.06.22 की जाँच करने पर पाया कि ₹28,492/– का भुगतान शीटस हेतु मै0 सुशील कुमार को किया गया दर्शाया गया था, जिसके एवज में उक्त फर्म द्वारा बिल संख्या 369 के माध्यम से ₹28,056/– का दावा प्रस्तुत किया गया था । इस प्रकार फर्म को इस तरह ₹436/–का अधिक भुगतान किया गया था। उक्त फर्म को पंचायत द्वारा किये गये अधिक भुगतान का औचित्य स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 300 दिनांक 29.07.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके सन्दर्भ में पत्र संख्या जीपीबी–08/2024 दिनांक 12.08.2024 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि अधिक किये गये भुगतान की वसूली करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा ।

अतः अंकेक्षण को दिये गये आश्वासन के दृष्टिगत कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित करें।

10 **निर्माण कार्य पंचायत घर से करतार के घर तक के लिए ₹0.03 लाख के अधिक/अनियमित भुगतान बारे।**

अंकेक्षण के दौरान पाया कि टाईल कार्य पंचायत घर से करतार के घर तक हेतु निम्न विवरणानुसार सामग्री का क्रय किया गया था जबकि माप पुस्तिका संख्या 01 पृष्ठ 50. में निर्माण कार्य पर उपयोग हुई सामग्री को निष्पादन निर्धारित मापदण्डों के अनुसार कम किया दर्शाया गया था तथा बची हुई सामग्री को स्टॉक रजिस्टर में भी वापिस नहीं लिया गया था, जिसका औचित्य स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 301 दिनांक 29.07.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके सन्दर्भ में पत्र संख्या जीपीबी–08/2024 दिनांक 12.08.2024 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि इस विषय पर कार्यवाही करने उपरान्त आगामी अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा ।

अतः तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित करें अन्यथा ₹2720/– की वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाये ।

सामग्री का नाम	क्रय की गई मात्रा	माप पुस्तिका अनुसार निर्माण कार्य पर उपयोग की गई मात्रा	अन्तर	दर	राशि (₹)
इण्टरलाक टाईल 60एमएम	5000 नं0	4860	160	17.00	2720.00

11. **प्रिया सॉफट तथा मैनुअल संधारित लेखों में ₹5.21 लाख की राशि के अन्तर बारेः–**

पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में मिशन प्रोजैक्ट प्रारम्भ की गई तथा जिसका क्रियान्वयन पंचायती राज विभाग हि0प्र0 कर रहा है। इस योजना के क्रियान्वयन के साथ–साथ हि0प्र0 पंचायती राज नियम (सामान्य) 1997 के नियम 34 में वर्णित सभी रजिस्टरों को

ANNUAL REPORT

कागज रहित प्रणाली के अन्तर्गत ई–पंचायत में बदलने का कार्य भी पंचायती राज विभाग की प्राथमिकता है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा लेखों का अनुरक्षण मैनुअल व प्रिया सॉफटवेयर दोनों माध्यमों से किया जा रहा है तथा जो खाते प्रिया सॉफटवेयर में बनाये जा रहे है उनका मैनुअल रोकड़ बही व बैक खातों से मिलान न होने के कारण ₹5,20,899/–की राशि का निम्न विवरणानुसार अन्तर पाया गया, जो पंचायत की सच्ची एवं सही वित्तीय स्थिति को नहीं दर्शाते हैः–

31.03.2023 को प्रिया साफ्टवेयर में संधारित रोकड़ बही का अन्तशेष	₹	2684058.00
31.03.2023 को मैनुअल में संधारित रोकड़ बही का अन्तशेष	₹	3204957.00
अन्तर	₹	520899.00

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 302 दिनांक 29.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को इस बारे स्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया, जिसके सन्दर्भ में पत्र संख्या जीपीबी–08/2024 दिनांक 12.08.2024 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि प्रियासॉफ्ट वेबसाईट बाधित होने व गलत प्रविष्टि होने के कारण अन्तर है उक्त अन्तर को ठीक कर दिया जायेगा ।

अतः अन्तर के कारणों को स्पष्ट करते हुये वस्तुस्थिति अनुसार कृत अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाये।

12. विहित रजिस्टरों का रख रखाव न करना :–

हि0 प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 से 31, 72 व हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (सामान्य) नियम 1997 के नियम 34 के अन्तर्गत पंचायत द्वारा विभिन्न रजिस्टरों/अभिलेखों का रख रखाव किया जाना अनिवार्य है ।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न रजिस्टरों/अभिलेखों का रख रखाव नहीं किया गया था, लेखांकन प्रक्रिया के अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण होने के चलते किसी भी स्तर पर धन सामग्री के रिसन एवं दुरूपयोग की सम्भावना से अंकेक्षण में इन्कार नहीं किया जा सकता है, जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है ।

अतः नियमानुसार इन अभिलेखों व रजिस्टरों का रख रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये :–

क्र0सं0	रजिस्टर का प्रकार/विवरण	प्रारूप	सन्दर्भित नियम
1	रसीद बुकों का स्टॉक रजिस्टर	4	13(5)
2	विकास कार्यों के निष्पादन का रजिस्टर हि0प्र0 पंचायती राज (सामान्य) नियम 1997	7	34
3	वर्गीकृत सार	8	29 (4)
4	अस्थाई अग्रिमों का रजिस्टर	9	30
5	प्रकीर्ण माँग व संग्रहण रजिस्टर	10	33, 77(4)
6	बजट प्राकल्लन	11, 12	37, 38

7	बिल रजिस्टर	13	48
8	मुद्रित सामग्री का स्टॉक रजिस्टर	27	72 (1)(ग)
9	माप पुस्तिकाओं का अनुरक्षण रजिस्टर		101(2) (V)

13. **भण्डार का प्रत्यक्ष सत्यापन न करना** :–

हि0 प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 73 के अन्तर्गत पंचायत के भण्डार का प्रत्येक 6 माह बाद प्रत्यक्ष सत्यापन किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा भण्डार का नियमानुसार प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया था, जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाये तथा इस सन्दर्भ में अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही अमल में लाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाये ।

14. **लघु आपित्त विवरणिका** :– इसे अलग से जारी नहीं किया गया अपितु छोटी–छोटी आपत्तियों का अंकेक्षण के दौरान ही निपटारा कर दिया गया ।

15. **निष्कर्ष** :– लेखों में सुधार की आवश्यकता है ।

28 OCT 2024

(श्रीराम सुनील)
सहायक निदेशक,
हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग,
शिमला–171009
दूरभाष–0177–2620046

का0/50
4841– 4845

पृष्ठांकन संख्याः फिन(एल0ए0)एच(पंच)(xv)(2)432 / 2024–खण्ड–1 दिनाँक, शिमला–09,
प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ / आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1 निदेशक, पंचायती राज विभाग हि0प्र0, कुसुम्पटी शिमला–171009 को पैरा संख्या 1 (ख) में वर्णित अनियमितताओं पर सभी सम्बन्धित को एक माह के भीतर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश जारी करने हेतु प्रेषित है।
2 उप सचिव एवं समिति अधिकारी स्थानीय निधि लेखा समिति हि0प्र0 विधानसभा शिमला–4 को सूचनार्थ प्रेषित है।
3 जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा, जिला काँगड़ा, हि0प्र0।
4 खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड नगरोटा बगवाँ, जिला काँगड़ा (हि0प्र0)।
5 सचिव, ग्राम पंचायत भुनेड़, विकास खण्ड नगरोटा बगवाँ, जिला काँगड़ा (हि0प्र0) को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजना सुनिश्चित करें।

पंजीकृत

28 OCT 2024

(श्रीराम सुनील)
सहायक निदेशक,
हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग,
शिमला–171009
दूरभाष–0177–2620046

का0/50

परिशिष्ट–1

अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा सख्या 4 के सन्दर्भ में

Financial Position of Grant in aid in r/o Gram Panchayat "Bhuned" for the year ended 2022-23

Sr.no.	Particulars	Op.Balance	Receipt	Interest	Total	Expenditure	Closing Balance
1	5 SFC	133600	340200	0	473800	419826	53974
2	VKVNY	73689	100000	0	173689	30000	143689
3	14TH FC	29351.3	0	273	29624.3	29323	301.3
4	15TH FC	1614380.3	1445145	51437	3110962.3	437072	2673890.3
5	PS	10996	0	0	10996	9000	1996
6	ZP	99845	8500	0	108345	28492	79853
7	BGP	0	1000000	0	1000000	801270	198730
8	MNREGA	0	5960570	0	5960570	5960570	0
	Total Rs.	1961861.6	8854415	51710	10867986.6	7715553	3152433.6

Financial Position of Grant in aid in r/o Gram Panchayat "Bhuned" for the year ended 2023-24

Sr.no.	Particulars	Op.Balance	Receipt	interest	Total	Expenditure	Closing Balance
1	5 SFC	53974	479087	0	533061	443715	89346
2	VKVNY	143689	154000	0	297689	171290	126399
3	14TH FC	301.3	0	8	309.3	0	309.3
4	15TH FC	2673890.3	681562	84181	3439633.3	755575	2684058.3
5	PS	1996	0	0	1996	0	1996
6	ZP	79853	0	0	79853	0	79853
7	BGP	198730	0	0	198730	104455	94275
8	MNREGA	0	2110206	0	2110206	2110206	0
	Total Rs.	3152433.6	3424855	84189	6661477.6	3585241	3076236.6

Balance as per Bank on 31.03.2024

1 Own Source, 5TH SFC,VKVNY, 14thFC, ,15th FC,PS,ZP,BGP

A/c No. 20012008655	KCCB Nagrota Bagwan	495206.5
A/c No. 20012007946	KCCB Nagrota Bagwan	36526
A/c No. 50056013014	KCCB Nagrota Bagwan	37591
A/c No.50056013047	KCCB Nagrota Bagwan	604
A/C No. 20012008677	KCCB Nagrota Bagwan	5691
A/C No. 50100317179800	HDFC Nagrota Bagwan	309.3
A/c No. 501003311400811	HDFC Nagrota Bagwan	2684058.3
cash in hand		179
	Total	3260165.1

Cash Book Balance on 31.03.2024 (Own Source)	128360.5
Cash Book Balance on 31.03.2024	89346
Cash Book Balance on 31.03.2024	126399
Cash Book Balance on 31.03.2024	309.3
Cash Book Balance on 31.03.2024	2684058.3
Cash Book Balance on 31.03.2024	1996
Cash Book Balance on 31.03.2024	79853
Cash Book Balance on 31.03.2024	94275
Total	3204597.1
diffrence	-55568

checked

(12)

प्रधान सचिव

ग्राम पंचायत भुनेड़
वि०ख० नगरोटा बगवां कांगड़ा हि०प्र०

Financial Position of Own sources in r/o GP Bhuned

Years	Op.Balance	Receipt	Instt.	Total	Expenditure	Closing Balance
2022-23	180152.78	14065	37108	231325.78	54363	176962.78
2023-24	176962.78	62999.72	17279	257241.5	128881	128360.5

Checked

प्रधान सचिव

13

परिशिष्ट-2
(अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या: 6 (क) के सन्दर्भ में)

List of outstanding Property tax for the period of 2022-23 & 2023-24 in r/o GP Bhuned **Distt.Kangra,H.P.**

Years	Op.Balance	Demand during the year	Total	Collection during the year	Closing Balance
2022-23	0	39500	39500	0	39500
2023-24	39500	40000	79500	7950	71550

List of outstanding Shop rent for the period of 2022-23 & 2023-24 in r/o GP Bhuned **Distt.Kangra,H.P.**

Years	Op.Balance	Demand during the year	Total	Collection during the year	Closing Balance
2022-23	0	1200	1200	1200	0
2023-24	0	1200	1200	1200	0

प्रधान सचिव

ग्राम पंचायत भुनेड़
वि०ख० [illegible] जिला कांगड़ा हि०प्र०

परिशिष्ट-3

(अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 7 के सन्दर्भ में) ①

Name of Gram panchayat Bhuned Dev. Block Nagrota Bagwan Distt. Kangra

2023-24

r no	name of work	Head	Vendar Name	Vochaer no and date	Bill no	Payment date	Sand Qm	Bajrie Qm	Boulder	Brick No	Amount
1	नि० कूहल कुए के पास से बड के वृष की और 1 (1304009410/IC/32060033)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	03-02-2023	776	27-06-2023	15.75	0.8			20893
		Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	03-02-2023	777	27-06-2023	22.39	8.26			38781
2	नि० कूहल केहर सिंह की जमीन से प्रीतम चंद की जमीन की ओर 6 (1304009410/IC/32060120)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	03-02-2023	782		11.15	17.14			48445
3	नि० कूहल जग्गो की जमीन से पप्पू के घर की और 4 (1304009410/IC/8000044621)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	03-02-2023	781	27-06-2023	6.83	11.05			22772
4	नि० कूहल वासुदेव की जमीन से परमहास की जमीन की और 4 (1304009410/IC/8000044622)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	03-02-2023	780	27-06-2023	5.51	9.2			18740
5	नि० कूहल सुनीता देवी की जमीन से लेकर बृज लाल की जमीन की और 5 (1304009410/IC/8000044623)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	03-02-2023	778	27-06-2023	10.28	0.12			18292
		Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	03-02-2023	779	27-06-2023		19.12			34772
6	नि० कूहल बलदेव के घर से लेकर जगरूप के घर की और 6 (1304009410/IC/8000044625)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	03-02-2023	784	27-06-2023	10.63				19225
		Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	03-02-2023	785	27-06-2023	19.2	1.37			35442
7	नि० टायल कार्य पंचायत घर से करतार चंद के घर तक 5 (1304009410/RC/8000129858)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	03-03-2023	873	27-06-2023		0			18249
		Manrega	Navdurga Galaxy Tiles Industries	05-10-2022	95	28-06-2023	0	0			105374

15

सचिव
ग्राम पंचायत
विकास खण्ड नगरोटा बगवां
जिला कांगड़ा (हि० प्र०)

(2)

8	नि० रास्ता जोगिन्दर पाल की जमीन से लेकर अभिनाश के घर की और 1 (1304009410/RC/8000141714)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	15-02-2023	819	27-06-2023	14.75	279			19506
9	नि० रास्ता टायल सुभाष की दुकान से धीमान बस्ती की और 1 (1304009410/RC/8000141716)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	03-02-2023	775	27-06-2023					26250
		Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	03-02-2023	773	27-06-2023	12.02				21372
		Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	03-02-2023	774	27-06-2023					40425
	नि० रास्ता टायल लिंक रोड से छोरा बस्ती की और 2 (1304009410/RC/8000141719)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	03-02-2023	874	27-06-2023					21525
11	नि० रास्ता किशोरी लाल के घर से बलदेव मास्टर की जमीन की और 3 (1304009410/RC/8000141723)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	03-02-2023	772	27-06-2023	6.71	12.97			45560
		Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	03-02-2023	783	27-06-2023	12.22	18.2			44880
12	नि० जल संग्रहण टैंक केहर सिंह स्पु० अमीं चंद की जमीन पर 6 (1304009410/WC/8000099171)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	15-02-2023	820	27-06-2023					22296
		Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	15-02-2023	821	27-06-2023					5351
							147.44	377.23			628150

16

सचिव
ग्राम पंचायत
विकास खण्ड नगरोटा बगवां
कांगड़ा (हि० प्र०)

(3)

Name of Gram panchayat Bhuned Dev. Block Nagrota Bagwan Distt. Kangra
2022-23

sr no	Name of work	Head	Vendar Name	Vochaer no and date	Bill no	Payment date	Sand Qm	Bajrie QM	Boul der	Brick No	Amount
1	नि0 खेल मैदान वार्ड न0 1 (1304009410/AV/8000043260)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	25-02-2022	849	25-05-2022	12.2			0	20752
		Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	25-02-2022	850	25-05-2022		23.5	0	0	37580.2
2	नि0 व रखरखाब मोक्ष धाम 1 (1304009410/AV/8000043261)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	25-02-2022	848	25-05-2022	7.6	14.9	0	0	36754.94
3	नि0 भु0 सरक्षण कार्य श्मशान घाट के साथ खड्ड म नीच तरफ 1 (1304009410/FP/8000092003)	Manrega	RANJNA DEVI NBG	01-02-2022	75	25-05-2022	17.3		0	0	27939.5
		Manrega	RANJNA DEVI NBG	01-02-2022	76	25-05-2022	18		0	0	30523
		Manrega	RANJNA DEVI NBG	02-02-2022	77	25-05-2022		16.28			25982
		Manrega	RANJNA DEVI NBG	02-02-2022	78	25-05-2022		16.28			25982
4	नि0 भु0 सरक्षण कार्य श्मशान घाट के साथ खड्ड म उप्पर तरफ 1 (1304009410/FP/8000092005)	Manrega	RANJNA DEVI NBG	30-01-2022	72	25-05-2022	16.11				27318
		Manrega	RANJNA DEVI NBG	30-01-2022	73	25-05-2022		16			25536
		Manrega	RANJNA DEVI NBG	30-01-2022	74	25-05-2022		16			25536
6	नि0 कूहल सुमन कुमार के घर से घोडब तक 4 (1304009410/IC/8000042557)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	25-02-2022	835	25-05-2022	10.1				17180.1
		Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	25-02-2022	836	25-05-2022		22.5			35980.88
7	नि0 भू0 सरक्षण कार्य कूहल सुभाष की मशीन से बलबीर के घर तक 1 (1304009410/LD/8000044309)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	25-02-2022	846	25-05-2022	5.9	13.5			31624
8	नि0 भू0 सरक्षण कार्य दरगाल बस्ती 3 (1304009410/LD/8000044310)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	25-02-2022	842	25-05-2022	7.1	13.7			33985
9	नि0 भू0 सरक्षण कार्य कुहल गदुहल धर्मपाल चमेली इत्यादि की जमीन के पास 4 (1304009410/LD/8000044311)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	25-02-2022	837	25-05-2022	13.9				23643.9
		Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	25-02-2022	838	25-05-2022		26.9			43017.19
10	नि0 भू0 सरक्षण कार्य कुहल गदुहल पर संडयाल बस्ती की जमीन के पास 5 (1304009410/LD/8000044312)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	25-02-2022	841	25-05-2022	9.5	18.3			45423.94
11	नि0 रास्ता प्यार चंद के घर से श्री धर के घर तक 1 (1304009410/RC/8000123720)	Manrega	RANJNA DEVI NBG	30-01-2022	71	25-05-2022	10.33	20.23			49804.17
12	नि० रास्ता टाइल कार्य रोशन लाल के घर से मनकोटिया के घर तक 6 (1304009410/RC/8000124405)	Manrega	Navdurga Galaxy Tiles Industries	01-02-2022	71	25-05-2022					80240
		Manrega	RANJNA DEVI NBG	02-02-2022	79	25-05-2022	8.77				14873.71
		Manrega	RANJNA DEVI NBG	02-02-2022	80	25-05-2022		5.38			8586

17

सचिव
ग्राम पंचायत Bhuned
विकास खण्ड नगरोटा बगवां

(५)

13	नि० दो पुली तथा रास्ता समयाडू घराट 7 (1304009410/RC/8000124408)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	25-02-2022	847	25-05-2022	6.4	15.9			36363
14	नि० रास्ता योग राज के घर से प्रताप चंद के घर तक 3 (1304009410/RC/8000129855)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	25-02-2022	843	25-05-2022	11.5				19561
		Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	25-02-2022	844	25-05-2022		22.2			35501.12
15	नि० रास्ता रेलवे लाईन से मंदिर तक 6 (1304009410/RC/8000129859)	Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	25-02-2022	839	25-05-2022	11.3				19221.3
		Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	25-02-2022	840	25-05-2022	21.8				33201.4
16	नि० रास्ता टायल कार्य किशोरी लाल के घर से अंजू के घर तक 7 (1304009410/RC/8000129861)	Manrega	Navdurga Galaxy Tiles Industries	01-02-2022	72	25-05-2022					80240
		Manrega	M/s R.K.Dogra.& Bros. Hatwas Nagrota Bagwan	25-02-2022	845	25-05-2022	11.3	5.7			28336.6
							199.1	267.3	0	0	

सचिव
ग्राम पंचायत
विकास खण्ड नगरोटा बगवां
जिला कांगड़ा (हि० प्र०)

18